सांध्य दैनिक
सोमवार
वर्षः 19 अंक : 173
28 सितम्बर 2026
पृष्ठ : 8
मूल्य 1.00 रूपये प्रति
प्रकाशन स्थल-देहरादून
RNI NO- UTTHIN/2008/25027
वेबसाइट - www.devpath.in
E-mail: devpath2018@gmail.com

डीएवीपी एवं राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त

# देवपथ

पैनी नज़र तीखी जुबां गहरा असर

# दिल्ली से लौटते ही सीधे राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचे सीएम



**देहरादून 28 सितम्बर (नि०सं०)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने दिल्ली प्रवास से लौटते ही सीधे राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र, आईटी पार्क पहुंचे और प्रदेश के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हाई एल्टीट्यूड ट्रैकिंग के दौरान फंसे ट्रैकर्स एवं माउंटेनियर्स के लिए संचालित राहत एवं बचाव अभियान की स्वयं समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने आपदा की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों से रेस्क्यू ऑपरेशन की अद्यतन जानकारी ली और फंसे हुए प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षित वापसी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न जनपदों में फंसे ट्रैकर्स एवं माउंटेनियर्स की संख्या, उनके वर्तमान लोकेशन, अब तक किए गए रेस्क्यू तथा शेष लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेस्क्यू ऑपरेशन में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और मौसम एवं भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए उपलब्ध सभी संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि राज्य के विभिन्न उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हाई एल्टीट्यूड ट्रैकिंग के दौरान कुल 179 ट्रैकर्स एवं माउंटेनियर्स के फंसे होने की जानकारी प्राप्त हुई थी। इनमें 136 लोग उत्तरकाशी तथा 43 लोग बागेश्वर जनपद के पिंडारी क्षेत्र में फंसे हुए थे। मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी में संचालित रेस्क्यू ऑपरेशन की विशेष रूप से जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरकाशी में फंसे 136 लोगों में से 40 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। वहीं, 40 लोगों ने फिलहाल रेस्क्यू कराने से इनकार किया है और अपनी यात्रा जारी रखने की इच्छा व्यक्त की है। शेष लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान सोमवार सुबह 6 बजे से पुनः प्रारंभ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि रेस्क्यू अभियान के दौरान ट्रैकर्स, माउंटेनियर्स एवं पोर्टर्स की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त संसाधनों की तत्काल व्यवस्था की जाए और सभी संबंधित एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करें। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए कुल 8 हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध हवाई संसाधनों का तत्काल उपयोग किया जाए। उन्होंने हेली एंबुलेंस को भी स्टैंडबाय मोड में रखने के निर्देश दिए, ताकि रेस्क्यू के दौरान किसी व्यक्ति को चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता होने पर उसे तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी उत्तरकाशी से भी बात कर मौके की स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि मौसम एवं परिस्थितियों को देखते हुए शेष ट्रैकर्स एवं माउंटेनियर्स को सुरक्षित निकालने के लिए सोमवार सुबह 6 बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन दोबारा शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि रेस्क्यू टीमों को सभी आवश्यक सहयोग एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएं तथा अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की जाए।

**-उत्तराखंड में फंसे ट्रैकर्स-माउंटेनियर्स की सुरक्षित वापसी के लिए मुख्यमंत्री ने संभाली कमान**
**-उत्तरकाशी और पिंडारी ग्लेशियर में फंसे 179 ट्रैकर्स-माउंटेनियर्स के रेस्क्यू ऑपरेशन की सीएम ने ली जानकारी**

सीएम ने कहा कि प्रदेशवासियों के साथ ही पर्यटकों, श्रद्धालुओं और ट्रैकर्स की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों एवं संबंधित विभागों को संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

**चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं की भी मुख्यमंत्री ने की समीक्षा :**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक में चारधाम यात्रा की वर्तमान व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने चारधाम एवं यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को व्यवस्थाओं को लगातार बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

## ई-चालान लिंक, बैंक खाते में सेंध और अमेरिका में नौकरी का झांसा देकर तीन से लाखों की ठगी

***देहरादून 28 सितम्बर (नि०सं०)।*** *साइबर ठगों ने अलग-अलग तरीकों से तीन लोगों को अपना शिकार बनाकर लाखों रुपये की रकम हड़प ली। किसी को फर्जी ई-चालान का लिंक भेजकर बैंक खाते से रकम उड़ा ली गई तो किसी के खाते से बिना किसी लेन-देन के लाखों रुपये निकल गए। वहीं, अमेरिका में कुक की नौकरी और वर्क वीजा दिलाने का झांसा देकर भी एक व्यक्ति से 1.29 लाख रुपये ठग लिए गए। पीड़ितों की शिकायत पर रायपुर और शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला रायपुर थाना क्षेत्र का है। भद्रकाली एन्क्लेव निवासी 48 वर्षीय सुंदर सिंह को 19 सितंबर को ट्रैफिक ई-चालान के नाम पर एक मैसेज भेजा गया। मैसेज में एक लिंक दिया गया था। पीड़ित ने लिंक खोला, जिसके बाद 24 सितंबर को उनके बैंक खाते से चार अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 1,48,900 रुपये निकाल लिए गए। खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। दूसरी घटना भी रायपुर थाना क्षेत्र की है। कंडोली मयूर विहार निवासी 19 वर्षीय रोहित चौहान के यूको बैंक खाते से 20 सितंबर को अचानक 2.35 लाख रुपये निकल गए। पीड़ित के मुताबिक उन्होंने इस रकम के लिए कोई लेन-देन नहीं किया था। खाते से रकम कटने की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।*

## देहरादून में नीट यूजी फर्जीवाड़ा मामलाः एसआईटी ने दो और आरोपियों को किया गिरफ्तार



**देहरादून 28 सितम्बर (नि०सं०)।** नीट यूजी 2025 (NEET UG 2025) में कूट रचित एवं फर्जी दस्तावेजों के बल पर एमबीबीएस सीट हथियाने के गंभीर प्रकरण में देहरादून पुलिस की विशेष जांच टीम (SIT) को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो और मुख्य अभियुक्तों को दबोच लिया है। इसके साथ ही इस पूरे मेडिकल एडमिशन स्कैम में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की कुल संख्या अब पांच तक पहुंच गई है। पूरा मामला 13 सितंबर 2026 को उस समय सामने आया जब उत्तराखंड के 'अपनी सरकार पोर्टल' के जरिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित प्रमाण पत्र बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किए गए। रायपुर थाना (मु0अ0सं0- 380/26) और क्लेमेंटाउन थाना (मु0अ0सं0- 86/26) में प्राप्त तहरीरों के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की सुसंगत धाराओं—318(4), 338, 336(2), 340(2) और 61(2)—के तहत मामले दर्ज किए। जांच के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा सबमिट किए गए सभी कागजात फर्जी पाए गए।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने एसपी ग्रामीण-1 जया बलोनी की अगुवाई में एक विशेष जांच टीम गठित की। एसआईटी ने जब अभ्यर्थियों के दस्तावेजों में दिए गए पतों का सत्यापन किया तो वे फर्जी निकले। इसके बाद टीम ने सीधे संबंधित शिक्षण संस्थानों और मेडिकल कॉलेजों का रुख किया, जहां से प्राप्त मूल दस्तावेजों और रिकॉर्ड के अवलोकन के बाद अभ्यर्थियों के वास्तविक पतों का खुलासा हुआ।

प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर एसआईटी ने संजय कुमार (मूल निवासी सारनाथ, वाराणसी, यूपी) और गिरीश सिंह (मूल निवासी गंगोलीहाट, पिथौरागढ़, उत्तराखंड) को हिरासत में लेकर रायपुर थाने में पूछताछ की। साक्ष्य पुख्ता होने पर दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि संजय और गिरीश साल 2007 से एक-दूसरे से परिचित हैं। दोनों ने मिलकर तीन महिला अभ्यर्थियों—स्वाति, परी और खुशी—के फर्जी आधार कार्ड, उत्तराखंड डोमिसाइल (निवास प्रमाण पत्र) और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित प्रमाण पत्र तैयार करवाए थे। इसके एवज में उन्होंने अभ्यर्थियों के परिजनों से भारी अनुचित धनराशि ऐंठी थी।

इससे पहले एसआईटी ने इस गिरोह के तीन अन्य सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जिनमें रुपेश पंडित (निवासी पूर्णिया, बिहार; हाल निवासी मेरठ, यूपी), अरविंद कुमार (निवासी लक्सर, हरिद्वार) और धीरज कुमार श्रीवास्तव (निवासी भोपाल, मध्य प्रदेश) शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि प्रकरण से जुड़े सभी तकनीकी व वित्तीय पहलुओं की गहनता से विवेचना जारी है और गिरोह के अन्य मददगारों को भी जल्द बेनकाब किया जाएगा।

## पीएम मोदी से मिलकर भट्ट ने दिया पुत्र के विवाह का निमंत्रण

**देहरादून 28 सितम्बर (नि०सं०)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट ने आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।



इस आत्मीय मुलाकात के दौरान श्री महेंद्र भट्ट ने अपने सपुत्र के आगामी विवाह समारोह का स्नेहिल निमंत्रण पत्र प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सौंपा। इस अवसर पर श्री भट्ट के साथ उनकी पत्नी, पुत्र एवं पुत्री भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने संपूर्ण परिवार का सहर्ष स्वागत करते हुए उन्हें अपना स्नेह, आशीर्वाद एवं आत्मीय मार्गदर्शन प्रदान किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुलाकात को लेकर कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री से मिलना सदैव ऊर्जादायी और प्रेरणादायक होता है। परिवार सहित प्रधानमंत्री जी का आशीर्वाद प्राप्त होना हमारे लिए अत्यंत सौभाग्य और हर्ष का विषय है।